# सक्सेस मिरर

वर्ष : 5
अंक : 59
दिसम्बर : 2014

सफलता का कैप्सूल

Visit us at : www.pdgroup.in


## इस अंक में...


8 | दूसरों से अपनी तुलना न करें

9 | समसामयिकी घटना संग्रह

10 | समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ

18 | आर्थिक घटना संग्रह
- अमेजन और फ्यूचर समूह ने संयुक्त रूप से इंटरनेट पर वस्तुएं बेचने के लिए किया समझौता
- शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड ने भारत-म्यांमार सेवा शुरू की
- विश्व बैंक ने अपनी दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस रिपोर्ट जारी की

22 | राष्ट्रीय घटना संग्रह
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने भारतीय राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति का शुभारम्भ किया
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मेक इन इण्डिया' कार्यक्रम का शुभारम्भ किया
- एलईडी बल्ब ₹ 400 की अपेक्षा ₹ 10 में बेचेगी केन्द्र सरकार

26 | अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह




- ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक सम्पन्न
- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पाँच दिवसीय अमरीका दौरा सम्पन्न
- मार्क जुकरबर्ग का दो दिवसीय भारत दौरा

31 | खेल खिलाड़ी
- इंडियन सुपर लीग कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में आरम्भ
- 17वें एशियाई खेल (2014) दक्षिण कोरिया के 'इंचियोन' में सम्पन्न

35 | महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह

### लेख

37 | ऊर्जा लेख : बॉयोमास ऊर्जा

38 | आर्थिक लेख : प्रधानमंत्री जन-धन योजना : स्वरूप एवं उपयोगिता

40 | आर्थिक लेख : जानिए वित्तीय शब्दावली के बारे में

84 | सामान्य जानकारी—अल्पसंख्यक कार्यक्षेत्र में अनुसंधान, विकास एवं जागरूकता कार्यक्रम एक दृष्टि में

86 | प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता

88 | तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक-56 का परिणाम

90 | रोजगार अवसर

### हल प्रश्न-पत्र

आगामी आई.बी.पी.एस. द्वारा आयोजित बैंक क्लर्क सम्मिलित लिखित परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

41 तर्कशक्ति परीक्षा

45 English Language

48 संख्यात्मक अभियोग्यता

51 सामान्य सचेतता

53 कम्प्यूटर ज्ञान

55 बिहार एस.एस.सी. (अमीन) परीक्षा, 2014

61 एस.एस.सी. मल्टी टॉस्किंग (गैर-तकनीकी) परीक्षा, 2014

72 रेलवे भर्ती सैल (बिलासपुर) 'ग्रुप डी' परीक्षा, 2013

77 पोस्टमैन/मेलगार्ड डाक विभाग परीक्षा, 2014



सम्पादक : महेन्द्र जैन

रजिस्टर्ड ऑफिस : 2/11-ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2

सम्पादकीय ऑफिस
1, स्टेट बैंक कॉलोनी, वन चेतना केन्द्र के सामने
आगरा–मथुरा बाईपास, आगरा–282 005
फोन– 4053333, 2531101, 2530966
फैक्स– (0562) 4053330, 4031570
ई-मेल: सम्पादकीय: publisher@pdgroup.in
कस्टोमर केयर: care@pdgroup.in

दिल्ली ऑफिस
4845, अंसारी रोड, दरियागंज,
नई दिल्ली–110 002
फोन– 011-23251844/66

हैदराबाद ऑफिस
1-8-1/B, आर. आर. कॉम्प्लेक्स
बाग लिंगमपल्ली, हैदराबाद–500 044
फोन– 040-66753330
मो– 09391487283

पटना ऑफिस
पीरमोहनी चौक, कदमकुआँ
पटना–800 003
फोन–0612-2673340
मो–09334137572

कोलकाता ऑफिस
28, चौधरी लेन, श्याम बाजार
कोलकाता– 700 004
फोन– 033-25551510
मो– 07439359515

लखनऊ ऑफिस
B-33, ब्लंट स्क्वायर, कानपुर
टैक्सी स्टैण्ड लेन, मवइंया,
लखनऊ– 226 004
फोन– 0522-4109080
मो– 09760181118



सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी **'सक्सेस मिरर'** की नहीं है.




# दूसरों से अपनी तुलना न करें

इस जीवन के विस्तार में हम सभी अल्प साधनों से सम्पन्न हैं. हमारी क्षमताएँ बहुत ज्यादा प्रकट नहीं हो पाई हैं. फिर भी हम सभी अपने भीतर में अपने आपको विकसित करने का संकल्प सँजोए हुए हैं. हम सब अपनी क्षमताओं को जगाना चाहते हैं. हम सब अत्यधिक योग्य होकर आनन्दित होना चाहते हैं, किन्तु हम देखें, हमारी योग्यताएं और क्षमताएं कब गलत राह पकड़ लेती हैं. जब-जब हम दूसरों के साथ अपनी तुलना करना शुरू कर देते हैं, तब निश्चित तौर से मानकर चलिए कि आपकी और हमारी योग्यताओं ने गलत रास्ता अख्तियार कर लिया है, क्योंकि इस दुनिया का एक शाश्वत सत्य यह भी है कि इस दुनिया में कभी कोई किसी की शत-प्रतिशत नकल या कॉर्बन कॉपी कर ही नहीं सकता, हो ही नहीं सकता. हम जैसे हैं वैसे ही विशिष्ट हैं. सामने वाला भी विशिष्ट है. हम भला दूसरों के साथ अपनी तुलना क्यों करें, किन्तु हम देखें कि यहाँ हर व्यक्ति, हर क्षेत्र में अपने प्रतिद्वन्द्वी के साथ अपनी तुलना कर रहा है. अपने पड़ोसियों के साथ तुलना कर रहा है. अपने साथ रहने वालों के साथ अपनी तुलना कर रहा है और ये तुलना करने की वजह से व्यक्ति सदैव कभी स्वयं के प्रति शिकायतों से भरा रहता है, तो कभी औरों के प्रति ईर्ष्या से भरा रहता है. ये तुलना हमेशा दो रूपों में परिलक्षित होती है. प्रथम, भौतिक-सुख-सम्पदा-मान-सम्मान पाने के मामले में सांसारिक व्यक्ति को लगता है कि यह सब पाने के लिए पात्र होने के बावजूद उसे अन्यों की तुलना में कम ही प्राप्त हो रहा है. अब वह अन्यों की प्रतिभाओं व योग्यताओं को देखकर मन ही मन जलन महसूस करता है. द्वितीय, जीवन में कुछ प्राप्त कर पाने या न कर पाने के मामले में व्यक्ति अन्यों के प्रति जब ईर्ष्या रखता है. तब वह दूसरों को अपने से कम श्रेष्ठ बताने के चक्कर में उनकी कमियाँ तलाशना शुरू कर देता है. वह अन्य लोगों पर टीका टिप्पणियाँ करना, दोषारोपण करना, उनसे बात-बेबात कलह-क्लेश करना शुरू कर देता है. वह चार लोगों के बीच उस प्रतिभाशाली व्यक्ति को अपमानित करने की चेष्टा करता है. योजना बनाकर, षड्यन्त्र रचकर औरों को फँसाना, उनकी गुप्त बातों को प्रकट करके उन्हें चोट पहुँचाना इत्यादि बुरे कार्य शुरू कर देता है. नतीजतन वह अपनी क्षमताओं को और कम करता जाता है. वह स्वयं की हीनता से पीड़ित होकर या तो दूसरों को पीड़ा पहुँचाता है या फिर स्वयं बीमार हो जाता है. विद्यार्थी जीवन में आने वाली बीमारियों में से अधिकांश बीमारियाँ हीन-भावना व भय की उपज होती हैं. यदि स्वस्थ समाज का निर्माण करना है, तो हीन मानसिकता के तुरन्त प्रभावी इलाजों को हर परिवार, संघ-समाज में जरूर ही अपनाया जाना चाहिए. हर एक वयस्क को अपने बोलने में सुधार करना होगा. उसे अपने बालकों को, विद्यार्थियों को या अन्य किसी भी मित्र व रिश्तेदारों को कभी यह नहीं कहना होगा कि 'देखो, उनके बच्चों को देखों, वे कितने प्रतिभावान हैं. ऐसा कहना छोड़ना होगा तब ही बच्चों के भीतर तुलना की आदत छूटेगी. आत्मज्ञानी पूज्य श्री विराट गुरुजी का कथन है कि–

No Comparison and Never Complete